# राजकीय महाविद्यालय नौरा, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

# वार्षिक रिपोर्ट : 2020-21

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह



मुख्यातिथिः-

**श्री विपिन सिंह परमार जी**

मानमीय अध्यक्ष हि0 प्र0 विधानसभा

डॉ संजीवन कटोच
प्राचार्या

# Govt. Degree College, Naura

Tehsil Dheera, Distt. Kangra (H.P.) PIN -176084

दूरभाष : 222837:: website : gcnaura.in

**राजकीय महाविद्यालय नौरा** के **वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह** के शुभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पधारे आदरणीय **श्री विपिन सिंह परमार जी (माननीय अध्यक्ष, हि0 प्र0 विधानसभा)** का एवं यहाँ उपस्थित सभी अतिथियों का मैं अपनी ओर से तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती हूं।

## महाविद्यालय का परिचय

मान्यवर, नौरा के इस रमणीय स्थल पर स्थित यह महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या EDN-A-Kha (7) 5/2006 द्वारा 6 फरवरी 2007 को अस्तित्व में आया था और इस समय चौदह वर्ष का कार्यकाल पूरा करते हुए उच्च शिक्षा प्रदान करने के अपने उद्धेश्य में निरन्तर अग्रसर है। सत्र 2007-2008 में इस महाविद्यालय में केवल बी.ए. प्रथम वर्ष की कक्षा में ही प्रवेश दिया गया था, जिसमें 53 विद्यार्थी ही थे। वर्तमान सत्र में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की तीन कक्षाओं में कुल 382 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया।

## महाविद्यालय स्टाफ (शिक्षक वर्ग)

महाविद्यालय में प्राचार्या के अतिरिक्त प्राध्यापकों के 19 पद स्वीकृत हैं जिनमें 14 प्राध्यापक वर्तमान समय में नियमित रुप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि 5 पद (गणित -1, भौतिक विज्ञान -1, रसायनिक विज्ञान, प्राणी विज्ञान-1, संस्कृत -1) रिक्त हैं।

महाविद्यालय में कार्यरत **प्राध्यापकों** का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र0 | नाम | पद/विषय |
|---|---|---|
| 1. | डा. संजीवन कटोच | प्रधानाचार्या |
| 2. | प्रो. कमल कुमार | अर्थशास्त्र |
| 3. | डा. गगन जम्बी | वाणिज्य |
| 4. | प्रो. मानक सूर्यवंशी | हिन्दी |
| 5. | प्रो. अल्का वत्स | अंग्रेजी |
| 6. | प्रो. विपन कुमार | भौतिक विज्ञान |
| 7. | प्रो. राजीव भोरिया | वनस्पति विज्ञान |
| 8. | प्रो. पवन कुमार | राजनीति शास्त्र |
| 9. | प्रो. अनिल कुमार | गणित |
| 10. | प्रो. सुनीता कुमारी | अंग्रेजी |
| 11. | प्रो. पूजा देवी | वाणिज्य |
| 12. | प्रो. सपना कुमारी | इतिहास |
| 13. | प्रो. नेम राज शर्मा | भूगोल |
| 14. | प्रो. नेहा | प्राणी विज्ञान |
| 15. | प्रो. विवेकानन्द | संस्कृत (On Deputation) |

## गैर शिक्षक वर्ग :-

गैर शिक्षक श्रेणी में इस महाविद्यालय के लिए स्वीकृत 24 से 13 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं जिनका विवरण इस प्रकार है -

| क्र० | नाम | पद/विषय |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती बिन्दू सूद | लाइब्रेरियन |
| 2. | श्री बिशन सिंह | सहायक लाइब्रेरियन |
| 3. | श्री अनिल राणा | अधीक्षक |
| 4. | श्री गन्धर्व कुमार मेहता | लिपिक |
| 5. | श्री मुकेश कुमार | लिपिक |
| 6. | श्री सुरजीत सिंह | प्रयोगशाला सहायक |
| 7. | श्री विकास शर्मा | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 8. | श्री राजेन्द्र सिंह | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 9. | श्री बलदेव सिंह | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 10. | श्रीमती प्रकाशो देवी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 11. | श्रीमती शान्ति देवी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 12. | श्री रवि दत्त | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 13. | श्रीमती रानी देवी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 14. | श्री लाल चन्द | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |

इसके अलावा **गैर शिक्षक वर्ग** में निम्न पद रिक्त हैं।

| क्र० | रिक्त पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पुस्तकालय सहायक | 1 |
| 2. | रिस्टोरर | 1 |
| 3. | जे.एल.ए. | 1 |
| 4. | प्रयोगशाला सहायक | 4 |
| 5. | तबला इंस्टक्टर | 1 |
| 6. | सीनियर ऐसिस्टेंट | 1 |
| 7. | क्लर्क | 1 |
| 8. | स्टोर कीपर | 1 |
| 9. | माली | 1 |
| 10. | चौकीदार | 1 |

## विद्यार्थियों की संख्या

महोदय वर्तमान सत्र में कुल 382 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया है। इनमें से 161 छात्र तथा 221 छात्राएं हैं। आर्टस, कॉमर्स तथा साईस ग्रुप में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है।

| क्र0 सं0 | ग्रुप | कक्षा | छात्र | छात्राऐं | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर्टस | बी.ए. प्रथम वर्ष | 29 | 53 | 82 |
| | | बी.ए. द्वितिय वर्ष | 27 | 67 | 94 |
| | | बी.ए. तृतीय वर्ष | 07 | 25 | 32 |
| 2. | साईस | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | 19 | 19 | 38 |
| | | बी.एस.सी. द्वितिय वर्ष | 12 | 11 | 23 |
| | | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | 05 | 01 | 06 |
| 3. | कामर्स | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 31 | 15 | 46 |
| | | बी.कॉम. द्वितिय वर्ष | 20 | 24 | 44 |
| | | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 11 | 06 | 17 |
| | कुल | | 161 | 221 | 382 |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम (Annual Result)

महाविद्यालय में श्रेष्ठ परिणामों की परम्परा रही है। जिसका श्रेय महाविद्यालय के सुयोग्य एवं सुप्रशिक्षित शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग को जाता है। जो सदैव कॉलेज परिसर में शैक्षणिक वातावरण बनाये रखते हैं। गत वर्ष कोरोना महामारी के कारण केवल महाविद्यालय में बी.ए., बी. एस. सी. व बी. कॉम अन्तिम वर्ष की परीक्षायें हि0प्र0 विश्वविद्यालय में हो सकीं, जिसमें बी.ए. में सपना देवी प्रथम आरती देवी दूसरे व आँचल राणा ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉमर्स में शिवानी व अमन राणा प्रथम, तमन्ना दूसरे व शबनम तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान विषय में नेहा प्रथम व आँचल राणा द्वितिय स्थान पर रहे।

## गृह परीक्षा (House Exams)

महाविद्यालय में सत्र 2020-21 में प्रोफेसर अरुण चन्द के समन्वय में आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिक एवं लिखित कार्य सभी विभागों द्वारा करवाये गये। यह परीक्षा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के नवीन पाठ्यक्रम के तहत फरवरी माह के दूसरे सप्ताह से लेकर अंतिम सप्ताह तक करवाए गये।

## छात्रवृत्तियाँ (Scholarship) सत्र 2020 -21

महाविद्यालय में अनुसूचित जाति 04, अनुसूचित जनजाति 01, अन्य पिछड़ावर्ग 08 तथा कल्पना चावला 06 एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) से सम्बधित 02 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जा रही हैं।

## अभिभावक अध्यापक संघ (PTA)

अभिभावक - अध्यापक संघ का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना है। प्रारम्भ काल से ही यह संघ महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। 2020-21 सत्र में पुनः सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य चुने गये :-

| क्रं० | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डा० संजीवन कटोच | संरक्षक /प्राचार्य |
| 2. | श्री सिधि चन्द | प्रधान |
| 3. | श्री मंजीत सिंह | उपप्रधान |
| 4. | प्रो० कमल कुमार | सचिव |
| 4. | श्रीमती सुनीता कुमारी | कोषाध्यक्ष |
| 5. | श्रीमती सरोज कुमारी | संयुक्त सचिव |
| 6. | प्रो० अरुण चन्द | सदस्य |
| 7. | प्रो० अल्का वत्स | सदस्य |
| 8. | प्रो० पवन कुमार | सदस्य |
| 9. | श्री कल्याण चन्द | सदस्य |
| 10. | श्री विनोद कुमार | सदस्य |
| 11. | श्रीमती सुकन्या कुमारी | सदस्य |
| 12. | श्रीमती माया देवी | सदस्य |
| 13. | देश राज | सदस्य |

## नवरंग वार्षिक पत्रिका :-

महाविद्यालय द्वारा छात्रों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को निखारने हेतु अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत विज्ञान योजना मंच, पहाड़ी, इतिहास एवं संस्कृति अनुभागों में नवरंग वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। विधानसभा सत्र 2020 -21 में इस पत्रिका का विमोचन आदरणीय श्री विपिन सिंह परमार जी माननीय अध्यक्ष विधानसभा द्वारा किया गया, यह पत्रिका विद्यार्थियों में वैचारिक चिंतन एवं लेखन के प्रति रुचि पैदा करती है। इस पत्रिका को अलंकृत एवं समय पर प्रकाशित करने का श्रेय प्रो० अल्का वत्स को जाता है। इस समय जिसका प्रकाशन प्रो० अल्का वत्स पत्रिका की मुख्य संपादक है।

## कॉलेज वेबसाईट

महाविद्यालय की अपनी वेबसाइट www.gcnaura.in प्रारम्भ की गई है। कॉलेज से सम्बधित प्रत्येक गतिविधि की जानकारी इस वेबसाईट पर उपलब्ध है। जो विद्यार्थियों, प्राध्यापकों तथा सम्बधित विभागों के लिए तो उपयोगी होती ही है साथ ही उन व्यक्तियों के लिए भी अत्यन्त लाभकारी साबित होती है। जिन्हें कॉलेज सम्बधित किसी जानकारी की आवश्यकता हो।

## ईको क्लब (ECO CLUB)

राजकीय महाविद्यालय नौरा ईको क्लब ईकाई द्वारा 22 मार्च 2021 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया प्रतियोगिता का विषय ''कोरोना विषाणु महामारी का पर्यावरण पर प्रभाव'' रहा। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान सिम्रि रो0नं0 2519 B.sc. - II द्वितिय स्थान स्नेहा राणा रो0 नं0 2723 B.sc. - I वर्ष और तृतीय स्थान शिवाँश शर्मा रो0 नं0 2501 B.sc. - II वर्ष ने प्राप्त किया।

## पूर्व छात्र संघ (OSA)

इस वर्ष महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन कोरोना महामारी के कारण सर्वसम्मति से सत्र 2020-21 के लिए पुनः चयन किया गया। जो इस प्रकार है :-

| क्र0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डा. संजीवन कटोच | संरक्षक / प्राचार्या |
| 2. | श्री अनुज कुमार | अध्यक्ष |
| 3. | श्री मती संध्या देवी | उपाध्यक्ष |
| 4. | श्री सुरजीत कुमार | सदस्य |

## महाविद्यालय पुस्तकालय :-

विद्यार्थियों की बौद्धिक, मानसिक एवं नैतिक अभिव्यक्ति को निखारने हेतु पुस्तकालय की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। हमारे महाविद्यालय का एक सुसज्जित पुस्तकालय है। वर्तमान में पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से सम्बन्धित 3034 पुस्तकों का संग्रह है तथा दैनिक जागरण, अमर उजाला, दिव्य हिमाचल, पंजाब केसरी , व ट्रिब्यून, हिमाचल दस्तक आदि समाचार पत्र तथा प्रतियोगिता कंपीटिशन सक्सेस रिव्यू, साईंस रिपोर्टर, सामान्य ज्ञान दर्पण उपयोगी पत्रिकाएँ पुस्तकालय में नियमित रुप से उपलब्ध करवाई गई हैं। पुस्तकालय पूर्ण रुप से कम्प्यूटरीकृत है। तथा पाठक एक ही क्लिक पर पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठकों के लिए कम्प्यूटरों की व्यवस्था इंटरनेट सहित की गई तथा रेपरोग्राफी (फोटोस्टेट) की सुविधा भी उपलब्ध है। प्राध्यापकों द्वारा काफी संख्या में पुस्तकें महाविद्यालय को भेंट की गई हैं।

## आँतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC)

महाविद्यालय में शैक्षणिक, कार्यप्रणाली तथा अन्य गतिविधियों में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए आँतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC) का गठन किया गया है। इसके द्वारा शिक्षा सत्र के दौरान महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की निजी उपलब्धियों तथा शैक्षणिक संस्था व सामुदायिक विकास में किए जाने वाले योगदान का अभिलेख रखा जाता है। इस प्रकोष्ठ द्वारा नए शोध को बढ़ावा देने एवं अध्यापन हेतु अभिनव तकनीक अपनाने के उद्देश्य से प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों को समय-समय पर सेमिनार सम्मेलन, कार्यशाला, ओरिएण्टेशन प्रोग्राम, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान सत्र में प्रो. अल्का वत्स आँतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ की समन्वयक हैं।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC)

NAAC मान्यता के लिए IQAC ने जो SSR 11 फरवरी 2019 को जमा करवाई थी उसका अनुमोदन 20 मार्च 2019 को प्राप्त हुआ। 22 और 23 अप्रैल 2019 को NAAC Peer Team ने महाविद्यालय का दौरा किया। Team के मूल्याकंन के उपरान्त महाविद्यालय को C-Grade (CGPA 1.89 के साथ मान्यता प्रदान की गई।

## महिला प्रकोष्ठ (WOMEN CELL)

महाविद्यालय में सभी छात्राओं व अन्य महिलाओं को सुरक्षित एवं शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हमारे महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ (Women Cell) का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से छात्राओं के समग्र विकास के लिए समय -समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। दिनाँक 08 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

## रेड रिबन क्लब (RED RIBBON CLUB)

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के समन्वयक, प्रोफेसर राजीव भूरिया के समन्वय में सत्र 2020-21 में इस क्लब की गतिविधियाँ इस प्रकार रही।

1. दिनाँक 30 अप्रैल 2020 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग काँगड़ा द्वारा आयोजित कल्चर फेस्ट में भाग लिया।
2. दिनाँक 15 अगस्त 2020 को क्लब के विद्यार्थियों ने अंतर - राष्ट्रीय युवा दिवस के मोके पर मास्क डिजाइनिंग प्रतियोगिता में भाग लिया , जिसका आयोजन हिमाचल प्रदेश स्टेट एड्स कण्ट्रोल सोसायटी ने किया।
3. दिनाँक 8 अक्टूबर 2020 को HIV और Covid -19 Stigma के विषय पर ऑनलाइन क्विज कम्पीटीशन में क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसका आयोजन मुख्यचिकित्सा अधिकारी धर्मशाला ने किया।
4. दिनाँक 1 दिसंबर 2020 को विश्व एड्स जागरूकता दिवस पर Google Meet और youtube पर मनाया गया जिसमें रैड रिबन क्लब के 30 छात्रों ने भाग लिया।
5. दिनाँक 4 दिसम्बर 2020 को रैड रिबन क्लब की ओर से AIDS जागरूकता और COVID-19 पर ऑनलाईन पोस्टर मेकिंग और slogan writing का आयोजन किया गया।

## रोवर्स एंड रेंजर्स (Rovers and Rangers)

प्रो0 अनिल कुमार व प्रो0 पूजा के मार्गदर्शन में इस इकाई ने 29 रोवर्स व रेंजर्स को पंजीकृत किया गया। दिनांक 10/11/2021 को सभी रोवर्स व रेंजर्स ने महाविद्यालय की सफाई की। दिनांक 08/03/2021 को अंतराष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत (EK Bharat Shrestha Bharat)

यह क्लब 2019 में महाविद्यालय में गठित किया गया। इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को भारत की अनेकता में एकता तथा विविधता से परिचित करवाया जाता है। इसमें विद्यार्थी महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के साथ -साथ राज्य के इतिहास, समाजिक परिवेश तथा संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त करते है। ताकि भारत की संस्कृति के बारे में राज्यवार आदान प्रदान हो सके। वर्तमान में प्रो0 नेम राज शर्मा समन्वयक के रूप में इस क्लब में कार्य कर रहे हैं। इस सत्र में क्लब की निम्नलिखित उपलब्धियाँ रहीं।

1. क्लब द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. इस क्लब के माध्यम से 25 छात्र - छात्राओं ने हि0 प्र0 विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय वेबीनार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित चर्चा में भाग लिया।
3. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस में क्लब द्वारा महिला सशक्तिकरण पर संवाद का आयोजन किया गया।

## भवन निधि समिति (BUILDING FUND COMMITTEE)

मान्यवर विद्यालय के भवन निर्माण के लिए प्राचार्या डा. संजीवन कटोच की अध्यक्षता में भवन निधि समिति गठित की है। जिसका कार्यभार दो वर्षों तक 2020-22 तक है यह समिति महाविद्यालय में हो रहे विकास कार्यों को सुचारु रुप से कार्यान्वित करने के लिए बनी है। इसके सदस्य इस प्रकार हैं:-

| क्रं० | नाम | कार्यालयपद | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. संजीवन कटोच | प्राचार्या, गवर्नमेंट कॉलेज नौरा | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. कमल कुमार | कॉलेज के प्राध्यापक | सदस्य |
| 3. | श्री विकास धीमान | प्रधान ग्राम पंचायत नौरा | सदस्य |
| 4. | श्री संजय कुमार | जूनियर इंजीनियर लोक निर्माण विभाग | सदस्य |
| 5. | श्री विधि चन्द | प्रधान अभिभावक - अध्यापक संघ | सदस्य |
| 6. | श्री अनिल कुमार | सुपरिटेन्डेण्ट महाविद्यालय नौरा | सदस्य |
| 7. | श्री विनोद कुमार | टैक्निकल असिस्टैंट | सदस्य |
| 8. | सपना कुमारी | प्रधान छात्र संगठन नौरा | सदस्य |

## Career Guidance Counselling & Placement Cell

यह Cell 2017 से महाविद्यालय में कार्य कर रहा है। तथा इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के भविष्य से सम्बधित विविध प्रकार की गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वर्तमान सत्र में भी कई शैक्षिक व्याख्यानों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। Covid -19 की वजह से अधिकतर कार्यक्रम Online ही आयोजित किए गए। वर्तमान में प्रो. सुनीता इस Cell की समन्वयक हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा के कुशल मार्गदर्शन में N.S.S. की एक यूनिट कार्यरत है। जिसमें 23 छात्र व 33 छात्राएँ पंजीकृत हैं इस यूनिट ने निम्नलिखित गतिविधियों के माध्यम से कॉलेज में समाज को जागरुक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

1. दिनॉक 16/04/2020 से दिनॉक 17/05/2020 तक लगभग 500 मास्क बनाए व अपने-अपने गॉव में बॉटे।
2. Covid-19 महामारी के प्रति जागरुकता लाने के लिए स्वंयसेवकों ने सामाजिक मीडिया पर Poster Making, Slogan writing व कविता पाठ किया।
3. केन्द्र सरकार द्वारा संचालित **आरोग्य सेतु** ऐप विभिन्न स्वयंसेवकों ने डाउनलोड की है।
4. दिनॉक 21/09/2020 को स्वयं सेवकों ने कॉलेज वार्षिक समारोह में भाग लिया। स्वयं सेवकों ने ईनाम वितरित करने में मदद की।
5. दिनॉक 8/10/2020 को N.S.S. स्वयंसेवकों ने प्रतिज्ञा समारोह मनाया जिसमें स्वयंसेवकों ने Covid-19 के नियमों से सम्बधित प्रतिज्ञा ली।
6. दिनॉक 24/10/2020 को N.S.S. स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस सामाजिक मीडिया पर मनाया। जिसमें कई तरह के पोस्टर बनाए गए।

6. दिनाँक 26/11/2020 को N.S.S. स्वयंसेवकों द्वारा Social Media पर संविधान दिवस मनाया गया जिसमें Online Quiz Competition करवाया।
7. दिनाँक 18/02/2021 को N.S.S. स्वयंसेवकों द्वारा नशा निवारण रैली निकाली गई। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा लघु नाटक का मंचन किया।
8. दिनाँक 16/03/2021 को N.S.S. स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान का संचालन किया।

## सात दिवसीय N.S.S. Camp

दिनाँक 18/03/2021 को आदरणीय डॉ. संजीवन कटोच प्रधानाचार्य महाविद्यालय नौरा ने N.S.S. के विशेष सात दिवसीय कैम्प का उद्घाटन कॉलेज परिसर में किया। यह कैम्प दिनाँक 18/03/2021 से लेकर दिनाँक 24/03/2021 तक चला। इसमें 34 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस विशेष शिविर में विशिष्ट अतिथियों तथा डॉ संजीवन कटोच (Principal of G.D.C. Naura), प्रो. पवन राणा, प्रो. कमल, प्रो.राजीव भूरिया, प्रो. विपिन कुमार, प्रो. गगन जम्वी व प्रो. अल्का वत्स की उपस्थिति रही।

इस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, जैसे समाजिक बुराइयों के सम्बद्ध संवाद किया तथा पर्यावरण संरक्षण व नशा निवारण तथा स्वच्छ भारत अभियान से सम्बधित रैलियां निकाली।

## उपलब्धियाँ (Achievements) :- सत्र 2020-21 में उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं :-

### डॉ संजीवन कटोच प्राचार्य)

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजीवन कटोच को सितम्बर 2020 में, उच्च शिक्षा संस्थानों में नई शिक्षा नीति - 2020 का कार्यान्वित करने के लिये टास्क फोर्स जिला कांगड़ा का चेयरमैन अधिसूचित किया। इसके तहत सेमिनार एवं बैठकें की गई और विस्तृत रिपोर्ट बनाकर उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजी गयी।

- दिनाँक 24 मार्च 2021 को प्राचार्य डा. संजीवन कटोच को हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में कोर्ट का सदस्य मनोनीत/अधिसूचित किया।

- दिनाँक 8 अक्तूबर 2020 को प्राचार्य डॉ. संजीवन कटोच ने "New Education Policy 2020, New Vistas in Higher Education" विषय पर आधारित राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

- दिनाँक 9 अक्तूबर 2020 को प्राचार्य डॉ. संजीवन कटोच ने "New Education Policy 2020-A Step Towards Achieving Holistic Educaion" विषय पर आधारित राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

### एसोसिएट प्रोफेसर अल्का वत्स (अंग्रेजी विभाग) :

- दिनाँक 20 मई से 26 मई 2020 तक हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला द्वारा आयोजित (Post COVID-19 Pandemic Challenges in Higher Education" विषय पर आधारित संकाय विकास कार्यक्रम, में ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- राजकीय महाविद्यालय जैसिंहपुर में "New Education Policy 2020, Challenges, Suggestions and Implementations" विषय पर आधारित नैशनल वेबिनार के एक तकनीकी सत्र में अध्यक्षता की व सेमिनार में भी भाग लिया।

**एसोसिऐट प्रोफेसर डॉ. गगन जम्वी (वाणिज्य विभाग ):**

- डॉ. गगन जम्वी, वाणिज्य विभाग का बी. कॉम सैकंड ईयर का "Income Tax Laws and Practices" पुस्तक का दूसरा संस्करण 2020-21 प्रकाशित हुआ।

- डॉ. गगन जम्वी का "Growth and Financial Performance of Kangra Central Co-Operative Bank:A Study" शोधपत्र, इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ मैनेजमेंट, सोशियोलॉजी एंड हिस्थहयमानीटीएस नामक जर्नल के छठे खंड में, जून 2020 में प्रकाशित हुआ।

**असिस्टेंट प्रो. राजीव भोरिया, (वनस्पति विभाग ):**

- दिनांक 7 जुलाई 2020 को "Role of Ethnic and Indigenous People of North Western Himalayan Region of Himachal Pradesh in the Conservation of Phy. to diversity through Religious and Magico- Religious Beliefs" विषय पर शोधपत्र International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT), Volume 8, में प्रकाशित हुआ।

- दिनांक 26 जुलाई 2020 को "Documentation of Traditional Knoweldge about Ethnobotanical Importance of some Cultivated and Wild Climbers and Lianas in Bhoranj Tehsil of Hamirpur Distt. (H.P). विषय पर शोधपत्र "World Journal of Pharmaceutical and Life Sciences, Volume 6 में प्रकाशित हुआ।

- दिनांक 8 अगस्त 2020 को "Documentation of Potential of Plant Resources of Lower Foot Hills of H.P. As Pesticides, Insecticides and Insect Repellents - A Review" विषय पर शोधपत्र International Journal of all Research Education and Scientific Methods,, Volume 8, issue 7) में प्रकाशित हुआ।

- दिनांक 9 सितम्बर 2020 को "Study of Some Plants of North - Western Himalayan of H.P. As immunity booster and as a Source of Herbal Remedies for Treatment of Some Viral Zoonotic Pandemics including Covid -19 -A Review" International Journal of All Research Education and Scientific Methods, (Vol. 8, Issue 9, में प्रकाशित हुआ।

- दिनांक 27-28 नवंबर 2020 को, कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित ऑनलाइन अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "Socio- Cultural Linkages of Rural Communities of Himachal Pradesh with Biodiversity under oral Category" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- दिनांक 01 फरवरी 2021 से 13-02-2021 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में UGC-HRD द्वारा आयोजित अंतरीय बहु-विषयक Refresher Course से दो सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता (अंग्रेजी विभाग):**

- हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला से दिनांक 18 जनवरी , 2021 से 16 फरवरी, 2021 संकाय विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- दिनांक 24 व 25 फरवरी 2021 को नुहिआवली शिक्षा समिति द्वारा आयोजित "Research Paper Writing Skill" विषय से सम्बंधित कार्यशाला में भाग लिया।
- दिनांक 4व5 मार्च 2021 को "Post Pandemic Education & Employment Challenges and Opportunities" विषय पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।

**असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल कुमार (गणित विभाग):**

- दिनांक19 जून 2020 को पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा आयोजित प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में "Covid 19 and Social Security in India" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 4 अगस्त से 10 अगस्त 2020 तक अलाहबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्युनिकेशन जे.के. इंस्टीटयूट में ICT Tools for Learning and Communiaction" विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण में सफलता पूर्ण हिस्सा लिया।
- दिनांक 25,26 सितम्बर को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित अन्तर्राष्टीय सेमिनार में "Issue of Mental Health Problems and Challenges" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- दिनांक 5 अक्तूबर से 3 नवंबर तक जामिआ मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली में "UGC - HRD द्वारा आयोजित 30 दिवसीय पुनार्श्चर्या कार्यक्रम में भाग लिया।

**प्रोफेसर पवन कुमार (राजनीति शास्त्र):**

1. दिनांक 27 मई से 31 मई 2020 को "Mahatma Gandhi National Council of Rural Education Hyderabad" से पांच दिवसीय Faculty Development Program on "Mentoring and Facilitation Skills for Institutional Mentors" में हिस्सा लिया।
2. दिनांक 30 जून 2020 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्यप्रदेश के द्वारा "Indian Women : Yesterday, Today & Tomorrow" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
3. दिनांक 20 जून से 24 जून 2020 को Dashmesh Khalsa College Zirakpur द्वारा पांच दिवसीय Faculty Development Program on " New Pedagogies : Creating Learning & Creating Teaching-A Futuristic Approach" में भाग लिया।
4. दिनांक 08 जुलाई 2020 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्यप्रदेश के द्वारा "Re-emergence of Russia in the Contemporary Global Order" के राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
5. दिनांक 10-11 जुलाई 2020 को काशी हिन्दु विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा "Physical Education, Sports & Exercise Sciences in Context to COVID-19" आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।
6. दिनांक 26 जून से 30 जून 2020 को राष्ट्रीय वेबिनार "National Public Policy Discourse" in collaboration with University of Meghalaya, Central University of Tamilnadu मे भाग लिया।
7. दिनांक 23-24जुलाई 2020 "Shiva collage of Education, Ghumarwin, H. P. University Shimla द्वारा "E-Learning as a Toll to Reduce Gap Between Teacher & Taught in this Tough Time of COVID-19" विषय पर दो दिवसीय वेबिनार में भाग लिया।

**असिस्टेंट प्रोफेसर, पूजा (वाणिज्य विभाग) :**

दिनाँक 15 मार्च 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार "Importance of E- Commerce and E- Marketing in Present Situation" विषय पर भाग लिया।

राजीव गाँधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल, अरुणाचल प्रदेश के वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम में 5 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

दिनाँक 20 मार्च 2021 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के इतिहास विभाग, तथा भाषा कला, एवं संस्कृति विभाग, हमीरपुर द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित राजकीय सेमिनार में "Historical Development of Hamirpur through the Corridors of Time" के विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

**असिस्टेंट प्रोफेसर सपना (इतिहास विभाग) :**

इतिहास विभाग ने दिनांक 20 मार्च 2021 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के इतिहास विभाग, तथा भाषा कला एवं संस्कृति विभाग हमीरपुर द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित राजकीय सेमिनार में "Historical Development of Hamirpur through the Corridors of Time" के विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

**असिस्टेंट प्रोफेसर नेम राज शर्मा, (भूगोल विभाग) :**

उनका शोधपत्र "Inequaliities in Social Development among Northwest Indian States" जो इंटरडिस्प्लीनरी जर्नल ऑफ मन एनवीरोमेंट रिलेशनशिप के मानव पारस्थितिकी नामक जर्नल के 72वें खंड में अगस्त 2020 में प्रकाशित हुआ।

दिनाँक 24 जुलाई 2020 को महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय पटना, बिहार गाँधीयन एंड पीस विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में "Relevance of Gandhian Marg in Covid-19 Era" विषय पर आधारित सेमिनार में भाग लिया।

दिनाँक 16 जुलाई 2020 को रुसियन जियोग्राफी सोसायटी तथा नेशनल जियोग्राफी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित राउंड टेबल कांफ्रेंस में "Geographical Perspectives of water Resources" विषय पर आधारित चर्चा में भाग लिया।

दिनाँक 18 जुलाई 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में "Impact of Corona on Education in India Post Covid Challenges and Opportunities" विषय पर आधारित वेबीनार में भाग लिया।

दिनाँक 18 जुलाई 2020 को विक्रमगड पालघर महाविद्यालय मुंबई के भूगोल विभाग, अनुसंधान कमेटी, कला विज्ञान एवं कॉमर्स विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में "The Art of Writing an Effective Research Paper" विषय पर आधारित वेबीनार में भाग लिया।

दिनाँक 31 जुलाई 2020 को Asian Development Education and Research Foundations (ADERF) द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार में "Impact of Corona on Education in India Post Covid Challenges and Opportunities" विषय पर आधारित वेबीनार में भाग लिया।

दिनाँक 20 मार्च 2021 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के इतिहास विभाग, तथा भाषा कला, एवं संस्कृति विभाग, हमीरपुर द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में "Historical Development of Hamirpur through the Corridors of Time" के विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

दिनाँक 27 मार्च 2021 को दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वेबीनार में "Water Conservation and Awareness" विषय पर आधारित वेबीनार में भाग लिया।

**श्रीमती बिन्दु सूद (कॉलेज लाइब्रेरियन) :**

दिनांक 19 जून 2020 को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटना द्वारा आयोजित नेशनल वेबीनार में "Legal Education Pedagology and Role of E- Learning" में हिस्सा लिया।

दिनांक 24 जून 2020 को फेडरेशन ऑफ हेल्थ साईस लाइब्रेरी एसोसिएशन (FHSLA) के द्वारा आयोजित वेबीनार "Make One Small Change" में हिस्सा लिया।

11 अगस्त 2020 का टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप द्वारा आयोजित संवाद "Open Research Publishing" में हिस्सा लिया।

दिनांक 28 सितम्बर 2020 को केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (CUHP) द्वारा आयोजित नेशनल वेबीनार "Colon Classification" विषय पर आधारित वेबीनार में भाग लिया।

## आभार :

मैं अपने व समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से समारोह के मुख्य अतिथि **श्री विपिन सिंह परमार (माननीय अध्यक्ष, हि. प्र. विधानसभा)** जी का हार्दिक धन्यवाद करती हूं कि आपने अपने मूल्यवान विचारों से हम सब का मार्गदर्शन किया। महोदय, महाविद्यालय की जो भी मांग आपके सामने रखी गई उसको आपने तत्काल पूरा किया। इसके लिए हम आपके आभारी रहेंगे।

मैं श्रीमती शर्मिला परमार जी का समारोह में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने अपनी व्यस्तता के बावजूद भी हमारे लिए समय निकाला। पी.टी. ए. एवं ओ. एस. ए के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के प्रति मैं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करती हूं जिन्होंने यथा समय महाविद्यालयको सुचारु रूप से चलाने में योगदान दिया है।

महाविद्यालय की हर गतिविधि को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर - शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों विशेषतः केन्द्रीय छात्र परिषद का योगदान सराहनीय रहा है, मैं इन सभी का धन्यवाद करती हूँ। हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद, लोक निर्माण विभाग, भारतीय दूरसंचार निगम, पुलिस विभाग और सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने समय-समय पर महाविद्यालय को सहयोग दिया है।

मैं S.D.M. धीरा, B.D.O. भेड़ूमहादेव श्री सिकन्दर कुमार, B.D.C. चैयरमैन श्री सुनील मेहता और गौरा पंचायत के प्रधान श्री विकास धीमान का धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने सदैव महाविद्यालय को सहयोग दिया है।


मैं लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ जिन्होंने समय-समय पर महाविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के बारे लोगों तक जानकारी पहुँचाई। इसी कारण हमारा कॉलेज प्रदेश के महत्वपूर्ण कॉलेजों की पंक्ति पर खड़ा है। मैं समस्त उपस्थित अतिथिगण का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने यहाँ पधार कर समारोह की शोभा बढ़ाई है।

इसके अतिरिक्त जिन महानुभावों एवं संस्थाओं का सहयोग प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से महाविद्यालय को समय-समय पर मिलता रहा है उन सबका भी मैं हार्दिक धन्यवाद करती हूँ।

धन्यवाद!

**जय हिन्द, जय भारत।**

**डॉ. संजीवन कटोच (प्राचार्य)**
**राजकीय महाविद्यालय,गौरा**
**जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**



## Annual Report Committee:-

1. Dr. Gagan Jaggi (Commerce)
2. Prof. Manak Suryavanshi (Hindi)
3. Prof. Rajeev Bhoria (Botany)

Printed at: Him Associates, Dhira # 9805364264